सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - ५ १५/०४/२०२४ पृष्ठ - ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## एक्टर सलमान के घर के बाहर दो बाईक सवार ने चार फायर किए पुलिस जाँच मे जुटी

सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी।।





सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। दो बाइक से आए हमलावरों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे।

घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा है। एक्टर के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खान को लॉरेंस बिश्नोई–गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी।इधर, सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के ठीक बाहर का एक दूसरा वीडियो सामने आया है। जिसमें दोनों हमलावर फायरिंग करते दिखे हैं। फायरिंग वालों की तस्वीर भी सामने आई है।

**७.८ बोर की बंदूक से फायरिंग हुई**

मुंबई पुलिस के सूत्रों ने बताया कि फायरिंग जिस बंदूक से की गई थी, वो ७.६ बोर की बंदूक थी। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक लाइव बुलेट मिली है। पुलिस ने आरोपियों की एक बाइक को भी जब्त कर लिया है। फोरेंसिक टीम इसकी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी राज्य के बाहर के हो सकते हैं और इनकी लंबाई ५ फीट ८ इंच हो सकती है। सलमान के घर के बाहर जितने भी ८ कैमरे लगे थे, उनके डीवीआरको पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## सरबजीत सिंह को मारने वाला लाहोर का डॉन अमीर सरफराज की लाहौर मे अज्ञात लोगो ने की हत्या

आमीर सरफराज ने ही २०१३ में आईएसआई के इशारो पर जैल में सरबजीत की हत्या की थी।



लाहौर के डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गई है। अमीर को लाहौर में कुछ लोगों ने गोली मार दी थी। इसके बाद उसकी मौत हो गई। माना जाता है कि अमीर सरफराज और उसके साथी ने ही पाकिस्तान की भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट–पीट कर हत्या कर दी थी।दिसंबर में पाकिस्तान ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए सरबजीत की हत्या के 2आरोपियों को रिहा कर दिया था। उनमें अमीर सरफराज और मुद्दसर शामिल थे। दरअसल, पंजाब का सरबजीत 1990 में गलती से बॉर्डर क्रॉस कर पाकिस्तान चला गया था। पाकिस्तानी फौज ने उसे भारत का जासूस कहते है बंधक बना लिया था।

## बर्फीले पानी में डुबे बृहस्पति के चन्द्माँ

नासा का यान पता लगाएगा की बृहस्पति पर जीवन संभ्भव है या नही



इस साल नासा अंतरिक्ष में जीवन की तलाश के लिए क्लिपर स्पेसक्राफ्ट लॉन्च करेगा। यह बृहस्पति के बर्फीले उपग्रह यूरोपा पर जीवन की संभावनाओं कीखोज करेगा। क्लिपर मिशन अक्टूर में लॉन्च होगा। यूरोपा बृहस्पति के 90 से ज्यादा उपग्रहों में से एक है। साइंटिस्टों का मानना है कि यूरोपा बर्फीले पानी में डूबा है। यहां पर जीवन लायक परिस्थितियां हो सकती है। मिशन के प्रोजेक्ट वैज्ञानिक बॉब पप्पलार्डो ने एएफपी ने कहा कि नासा जिन सवालों को जानना चाहती है। क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं? यह उनमें से एक है।क्लिपर प्रोब पांच बिलियन डॉलर की लागत से तैयार किया गया है। इसे कैलिफोर्निया स्थिति नासाकी जेट प्रपल्शन लैबोरेटरी में रखा गया है। इसे जहां रखा गया है वह एरिया पूरा सील है। सिर से पैर तक ढके लोगों को ही जाने की परमिशन है। स्पेसक्राफ्ट संक्रमण से बचा रहे, इसलिए इतनी सावधानी बरती जा रही है। वरना धरती के माइक्रोब्स यूरोपा तक पहुंच सकते हैं।कब तक यूरोपा के पास पहुंचेगा यान?

फ्लोरिया के कैनेडी स्पेस सेंटर से क्लिपर को लॉन्च होगा। इसके लिए स्पेसएक्स के फाल्कन हेवी रॉकेट का इस्तेमाल किया जाएगा। यह पांच साल की यात्रा शुरू होगा। मंगल ग्रह के पास अपनी स्पीड को बढ़ाएगा। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि 2031 तक क्लिपर बृहस्पति और यूरोपा की कक्षा के पास पहुंच जाएगा।

## राहुल का केरल,वायनाड में बिगुल,कोझिकोड जिले में युडीएफ युनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को करेगे सम्बोधित

वायनाड कन्नूर, पलक्कड़ और कोट्टायम रहेगे राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल के दौरे पर रहेंगे। राहुल अगले हफ्ते केरल में ही रहेंगे। फिर 18 अप्रैल को कन्नूर, पलक्कड़ और कोट्टायम में बैठकों में हिस्सा लेंगे। और अलाप्पुझा जिलों में रैलियों को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। कांग्रेस सांसद ने कहा– केंद्र सरकार इडी सीबीआई और आईटी का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। प्रधानमंत्री खुद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं। कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए । दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिए गए। विपक्षी नेताओं को धमकी दी जा रही है

## मैसुर मे मोदी ने कॉंग्रेस को टुकडे टुकडे गेंग का सुल्तान बताया ।

मोदी ने पिछ्ले १० साल में विकास का दावा किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के मैसूर में चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस टुकड़े–टुकड़े गैंग की सुल्तान है। उनका इरादा है कि देश कमजोर हो ।पीएम मोदी का कर्नाटक में चुनाव प्रचार। एएनआई, मैसूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के मैसूर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता के सामने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस टुकड़े–टुकड़े गैंग की सुल्तान है। उनका इरादा है कि देश कमजोर हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सबसे पहले, मैं पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा का आभार व्यक्त करता हूं। वह भारत की राजनीति में सबसे वरिष्ठ राजनेता हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनका आशीर्वाद मिला।10 साल में देश में हुआ विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नकहा कि आज अगर हम 10 साल पीछे मुड़कर देखें तो विकास दिखता है। बीजेपी का घोषणापत्र भविष्य के बड़े बदलावों की तस्वीर है। यह नए भारत की तस्वीर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

## आन्ध्रा के पुर्व सीएम जगनमोहन पर पत्थर से हमला

पर्व सीएम चन्द्रबाबु नायडू पर हमले का आरोप ।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार रात को पत्थर से हमला हुआ। इसमें जगन मोहन घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी है। यूज एजेंसी एएनआई कुताबिक, जगन मोहन न मे विजयवाड़ा में मेमंता सिद्धम (हम सब तैयार हैं) बस यात्रा निकाली थी। वे बस के ऊपर से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इसी दौरान उन पर फूलों के साथ पत्थर फेंका गया।पार्टी ने टीडीपी पर हमले का आरोप लगायाअज्ञात व्यक्ति ने सीएम पर पत्थर फेंका, जिससे उनकी बाईं आंख के ऊपर चोट लग गई। सीएम को प्राथमिक उपचार के लिए बस में ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सीएम रेड्डी ने अपनी बस यात्रा फिर से शुरू की।

हमले को लेकर तेलुगु देशम पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। पार्टी ने एक्स पर लिखा– पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू ने गुंडों से हमारे सीएम पर हमला करवाया। टीडीपी के लोग सीएम रेड्डी की यात्रा की लोकप्रियता को सहन नहीं कर सके। राज्य की जनता 13 मई को इसका जवाब देगी।

## मणिपुर में हिंसा , दो की मौत दोनो कुकी समुदाय से

मणिपुर में 11 महीने (पिछले साल मई से) उपद्रव जारी है। शनिवार (13 अप्रैल) को एक बार फिर हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई। पूर्वी इम्फाल और कांगपोकपी जिले के बीच मोइरंगपुरेल इलाके में हथियारबंद दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। बताया गया है कि जिन लोगों की मौत हुई, वे दोनों कुकी समुदाय से हैं। मरने वालों के नाम कम्मिनलाल लुफेंग (23), कामलेंगसैट लुंकिम (22) दोनों की कांगपोकपी जिले के रहने वाले थे।लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आचार संहिता लागू है, लेकिन बीते दो दिन से मणिपुर में अलग–अलग इलाकों में गोलीबारी हुई। घटना सामने आने के बाद पूरे इलाके में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए हैं। जवानों की टुकड़ियां इलाकों में सर्चिंग भी कर रही हैं। लोकसभा चुनाव के चलते मणिपुर में एक्ट्रा सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। मोइरंगपुरेल इलाके में कुकी और मैतई में मुठभेड़ के बाद गोलियां चली हैं।

## केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कॉर्ट मे पन्द्राह अप्रेल को सुनवाई

शराब नीती केस मे गिरफ्तारी रिमांड में एचसी के फैसले को चुनोती दी थी




दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 15 अप्रैल को सुनवाई होगी। केजरीवाल ने शराब नीति केस में म्ब की गिरफ्तारी और रिमांड पर हाईकोर्ट के 9 अप्रैल के फैसले को चुनौती दी है। केजरीवाल ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ 10 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने मामले पर तुरंत सुनवाई और उन्हें जल्द से जल्द रिहा करने की मांग की थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी। केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा है किलोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मेरी गिरफ्तारी बाहरी विचारों से प्रेरित थी। ईडी ने मुझे गिरफ्तार करके अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। गिरफ्तारी के आधार ऐसे दस्तावेज हैं, जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

दिल्ली सीएम ने कहा– लोकसभा चुनावों में भाग लेने के लिए मुझे तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो चुनाव से पहले विपक्ष के नेताओं को झूठे आरोपों में गिरफ्तार करना सत्ताधारी पार्टियों के लिए एक मिसाल बन जाएगा।




**डिजीटल संस्करण**

**https://sbpatra.in**

**पर उपलब्ध**



# मनासा-रामपुरा के बैसला क्षैत्र में फिर तेंदुए का आतंक मवेशियो को बना रहा शिकार

तेंदुए का आतंक थमने को नही एक युवक पर भी हो चुका हमला



जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बेसला गांव में इन दिनों तेंदुए के आतंक से ग्रामीण भयभीत है। दहशत का आलम यह है लोग अकेले जंगल या खेतों पर काम करने से कतरा रहे हैं। लोगों का तेंदुए के आतंक के कारण जीना दुशवार हो रहा है। लोग अकेले जंगल और खेतों पर जाने से डर रहे हैं उन्हें मवेशियों और बच्चों की भी चिंता सता रही है।दरअसल, कई दिनों से क्षेत्र में एक तेंदुए का आतंक व्याप्त है। तेंदुआ पहले भी कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। बीते दिनों एक युवक जब खेत पर कामकर रहा था तब तेंदुओं ने उसे पर हमला कर दिया था इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था हालांकि खेत के आसपास मौजूद लोगों ने युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचा। वहीं शनिवार रविवार की देर रात को फिर एक बार तेंदुए ने दो अलग–अलग स्थानों पर गाय के दो बछड़ों को अपना शिकार बनाया है। इसके बाद ग्रामीण फिर दहशत में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि इस बार तेंदुए ने गांव के भीतर घुसकर मवेशियों को अपना शिकार बनाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी घटना होने ने पर वन विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अब तक तेंदुए पर काबू नहीं पाया जा सका है। इससे लोगों को अब स्वयं की जान को लेकर भी चिंता नजर आ रहे हैं।

# आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कजांर्डी में डीजे मय पीकअप के जप्त

नीमच10 अप्रैल 2024, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जयसवाल के मार्गदर्शन में अपराधों पर नियंत्रण तथा आदर्श आचार सहिता का उलंघन करने वाले एक डीजे मालिक को किया गिरफ्तार कर डीजे मय पीकअप वाहन के जप्त किया गया है। गत दिवस कजार्डी में चौधरी पेट्रोल पम्प के सामने एक डीजे जोर जोर से तेज आवाज के बजा रहा था। पुलिस द्वारा मौके पर जाकर डी.जे. मालिक से डीजे बजाने के संबंध में अनुमति मांगी गई जो नही होना बताया। इस पर से कंजार्डी पुलिस द्वारा डीजे संचालक श्री कैलाश पिता शंकर धाकड उम्र 30 साल निवासी चौकडी का डीजे साउण्ड मय बोलेरो वाहन पीकअप एमपी 44 जीए 1838 को मौके से जप्तकर पुलिस चौकी कंजार्ड पर खड़ा किया गया है। डीजे संचालक कैलाश पिता शंकरलाल धाकड उम्र 30 साल निवासी चौकडी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 174/2024 धारा 188 भादवि एवं 15 म.प्र. कोलाहल नियत्रंण अधिनियम का कायम कर विवेचना में लिया गया है इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मनासा की टीम का सराहनीय योगदान रहा है।

# मनासा में मतदाता जागरूकता रथ को हरी झण्डी।

नीमच कलेक्टर ने मनासा में मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया मतदान करने की शपथ दिलाई – नीमच 13 अप्रैल 2024,कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने शनिवार को मनासा के कॉलेज परिसर से मतदाता जागरूकता रथ को झण्डी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर कलेक्टर ने उपस्थित जनों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसडीएम श्री पवन बारिया,तहसीलदार श्री बी.के मकवाना,श्री मुकेश निगम व अन्य्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान दलों के कर्मचारी तनाव मुक्त रहकर दायित्व निर्वहन करे-जिला कलेक्टर

नीमच 13 अप्रैल 2024,लोकसभा निर्वाचन–2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान दलों के अधिकारी–कर्मचारी निष्पक्षता एवं सजगता के साथ तनाव मुक्त रहकर अपने निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करें। मतदान संबंधी निर्देशों का पीठासीन अधिकारी एंव मतदान अधिकारी बारिकी से अध्ययन कर लें, ताकि उन्हें सुचारू रूप से मतदान सम्पन्न कराने में कोई असुविधा ना हो। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने मनासा मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दिए।क्रम जायजा लिया। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मनासा में मतदान दलों के प्रतिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन–2024 में लगे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एंव वीवीपीएटी के बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यक है। वे ईव्हीएम व वीवीपीएटी के बारे में अच्छी तरह से पूर्वाभ्यास करले, ताकि उन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित मतदान कराने में कोई कठिनाई ना हो। उन्होने कहा, कि मतदान दलकर्मी निर्देश पुस्तिका का अच्छी तरह से अध्ययन करलें। प्रशिक्षण मेंमास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से मतदान दलों को मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन विधि लागू करने,

# आईपीएल क्रिकेट सट्टा प्रकरण में 4 अन्य आरोपी गिरफ्तार

9 अप्रैल को टीआईटी कॉलोनी, स्कीम नं. 36–बी जाजूनगर एवं आईडीबीआई बैंक के पीछे रिसाला मस्जिद के पास स्थित मकानों पर दबिश देकर क्रिकेट बुकी हितेश गनवानी, राबर्ट उर्फ बाबा मसीह एवं अशफाक उर्फ गुड्डू खान को गिरफ्तार किया था। दो प्रकरण में पुलिस ने 2 लैपटॉप, 1 कम्प्यूटर, 1 एलईडी टीवी, 13 मोबाइल, 1,50,940 रुपए सहित लगभग 2 करोड़ 75 लाख का क्रिकेट हिसाब जब्त किया था। पुलिस ने 8 आरोपियों कोगिरफ्तार कर 21 अन्य आरोपियों को नामजद किया था। उसी में पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए रविवार को अलग–अलग स्थानों से कन्हैयादास उर्फ हकला बैरागी निवासी द्वारिकापुरी विस्तार बघाना, बृजेश उर्फ जीजा जैन निवासी उदय विहार कॉलोनी नीमच, सोनूसिंह ठाकुर निवासी रामअवतार कॉलोनी बघाना एवं रफीक पिता निजामउद्दीन निवासी नजराज कालोनी बघाना को गिरफ्तार किया है।

# रंगपंचमी पर महाकाँल गर्भगृह में आग मे झुलसे सैवक कि मुम्बई में इलाज के दौरान मौत





महाकाल मंदिर में धुलेंडी पर भस्मारती के दौरान लगी आग से झुलसे एक सेवक की मौत हो गई है। मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार 80 वर्षीय सेवक सत्यनारायण सोनी 30 प्रतिशत से अधिक झुलस गए थे। अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उन्हें इलाज के लिए मुंबई ले जाया गया था, मगर डाक्टर उन्हें बचा नहीं पाए।होली के पर्व पर महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान हुए भीषण हादसे में महाकाल भक्त श्री सत्यनारायण सोनी जी का उपचार के दौरान निधन, मेरी व्यक्तिगत क्षति है। शोकाकुल परिवार के साथ हम सबकी संवेदनाएं हैं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देंइ बता दें कि अग्निकांड केमिकल युक्त गुलाल उड़ाने के कारण हुआ था। मामले की प्रारंभिक जांच के बाद प्रशासक संदीप सोनी को हटा दिया गया था। इस मामले में अभी और भी कई लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं सुरक्षा एजेंसी सहित कई कर्मचारियों और तैनात अधिकारियों को नोटिस दिए गए हैं। 14 लोग झुलसे थे – इस अग्निकांड में कुल 14 लोग झुलसे थे। इनमें पुजारी, प्रतिनिधि और सेवक शामिल थे। इनमें सत्यनारायण सोनी भी थे। आवाज लगाकर चढ़ावा मांगते, महिलाओं से सिर ढंकवाते सोनी सालों से भस्मारती के दौरान सेवक के रूप में कार्य करते रहे। वे दर्शनार्थियों से चढ़ावा एकत्रित करने के लिए आवाज लगाते थे। साथ ही भगवान को भस्म अर्पित करने के दौरान महिलाओं से सिर ढंकने का आग्रह भी वे ही आवाज लगाकर करते थे।

# पशु चारा एवं भूसे के औद्योगिक उपयोग पर अविलम्ब रोक लगाए

*कलेक्टर ने पत्र लिखकर औद्योगिक इकाईयों को दिए निर्देश*

नीमच 8 अप्रैल 2024, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा जिले की सभी औद्योगिकी इकाईयों को पशु चारे एवं भूसे के औद्योगिक उपयोग पर अविलम्ब रोक लगाने का आदेश दिया है। कलेक्टर ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है, कि नीमच जिलें में चारा एवं भूसा निर्यात होने से एवं औद्योगिक प्रयोग हेतु उपयोग में आने से भूसे एवं चारे की कमी होने की आशंका है। जिले में उत्पादित भूसे एवं चारा को पशुओं हेतु पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एवं उनका संग्रहण आवश्यक है। कलेक्टर व्दारा दिनांक 14 मार्च 2024 को आदेश जारी कर पशुओं के आहार में प्रयोग आने वाले सभी प्रकार के चारा, भूसा, घास, ज्वार आदि पशु चारे का प्रयोग ईट भट्टो, फैक्ट्री में जलाने बायलर में प्रयोग करने एवं प्रदेश की सीमा से बाहर निर्यात पर 30 जून 2024 तक रोक लगाई गई है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने 8 अप्रैल 2024 को पत्र जारी कर जिले की सभी औद्योगिक इकाईयों को निर्देशित किया है, कि वे उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उक्त आदेश का उल्लंघन होने पर म.प्र.पशु चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 के निहित प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी

# पड़दा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न।



नीमच10 अप्रैल 2024 लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़दा में बुधवार को सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,शिक्षक, स्कूली बच्चों द्वारा गांव में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजित की गई। मतदाता जागरूकता के नारे लगाए और मतदान करने की शपथ भी दिलाई। गांव के सभी दुकानदारों से अपनी दुकान पर मतदाता जागरुकता के बैनर लगाने का अनुरोध किया गया। साथ ही बैंक में मतदाता जागरुकता अभियान हेतु बैनर बनाने के निर्देश दिये। रैली में प्राचार्य श्री हेमंत श्रीवास्तव , पंचायत समन्वयक अधिकारी गोपाल कृष्ण परिहार और सभी स्थानीय शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

# मूकबधिर बच्चों के साथ ही उनके अभिभावक भी सीख रहे है ऑनलाईन साईन लेंग्वेज जिला कलेक्टर की पहल

नीमच 8 अप्रैल 2024, रेडक्रास सोसायटी नीमच व्दारा नीमच जिले में मूकबधिर बच्चों के साथ ही उनके अभिवाकों को भी साईन लेंग्वेज की शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास प्रारंभ करने की अभिनव पहल कलेक्टर श्री दिनेश जैन व्दारा की गई है। कलेक्टर श्री जैन के विशेष प्रयासों से आन्नद सर्विस सोसायटी इंदौर के माध्यम से नीमच के मूकबधिर विद्यालय में साईन लेंग्वेज में मूकबधिर बच्चों की शिक्षा के लिए ऑनलाईन साईन लेंग्वेज अध्यापन की स्मार्ट क्लासेस प्रारंभ की गई है। विशेषज्ञ श्री ज्ञानेन्द्र पुरोहित एवं सुश्री मोनिका पुरोहित ऑनलाईन कक्षाओं के माध्यम से मूकबधिर बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को ,माता–पिता को भी साईन लेंग्वेज के माध्यम से पाठ्यक्रम, केरियर मार्गदर्शन का अध्यापन करवा रहे हैं। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने सोमवार को रेडक्रास नीमच के मूकबधिर विद्यालय में मूक बधिर बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए ऑनलाईन साईन लेंग्वेज कक्षाओं का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मूकबधिर



विद्यालयमें ऑनलाईन कक्षाएं प्रारंभ होने पर बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होने आन्नद सर्विस सोसायटी इंदौर के डा. ज्ञानेंद्र पुरोहित एवं सुश्री मोनिका पुरोहित व्दारा मूकबधिर बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में किए गये उल्लेखनीय कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा, कि मूकबधिर बच्चों के लिए साईन लेंग्वेज की ऑनलाईन कक्षाओं की शुरूआत देश में सबसे पहले नीमच में हुई है। अब मूक बधिर विद्यालय के बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों के लिए भी साईन लेग्वेज की ऑनलाईन कक्षाओं के माध्यम से एडवांस साईन लेंग्वेज सिखाई जा रही है। सामान्य ज्ञान व अन्य पाठ्यक्रम शिक्षा के साथ ही, कैरियर श्री ज्ञानेन्द्र पुरोहित ने ऑनलाईन साईन लेंग्वेज के माध्यम से वर्चुअली संवाद करते हुए कहा, कि रेडक्रास नीमच ने मूकबधिर बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए ऑनलाईन कक्षाओं की अनूठी पहल प्रारंभ की है। यह मूकबधिर बच्चों भविष्य संवारने का सुनहरा अवसर है, वे ऑनलाईन पढाई कर आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बन सकते है। उन्होने मूकबधिर बच्चों के माता–पिता से कहा, कि वे अपने बच्चों को किसी से भी कम ना समझे, उन्हें पढाई करने आगे बढने में हमेशा सहयोग करें।इस मौके पर सुश्री किरण आंजना, सुश्री मयूरी जोक, श्रीमती खुमान कुंवर, श्री सुनील तिवारी, सुश्री अभिलाषा, सहित रेडक्रास कर्मचारी, मूकबधिर, बच्चें एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित थे। मूकबधिर बच्चों ने भी श्री ज्ञानेंद्र पुरोहित से साईन लेंग्वेज में वार्तालाप करते हुए अभिभावकों के लिए भी ऑनलाईन कक्षाएं प्रारंभ होने पर खुशी जाहिर की। कांउसलिंग भी की जाएगी। जिससे कि मूकबधिर विद्यालय के बच्चें समाज की मुख्यधारा से जुडकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

खबरों के लिए लोगिंग करे !

https://sbpatra.in/

# खबरों के लिए लॉगिंन करे !

# https://sbpatra.in/


## मध्यप्रदेश का मौसम करवट बदलने को, १० अप्रेल से पुरे प्रदेश मे बुदांबांदी ।

प्रदेश का यहा मौसम बदलाव हफ्ते भर तक रहेगा। बारिश के साथ ओलवृष्टि की भी सम्भावना

*बीमारी दूर करने के नाम पर महिलाओं से ठगीरूडेढ़ लाख के आभूषण ले जाने वाले ठग गिरोह पुलिस ने पकड़ा*



राजगढ़ जिले के ब्यावरा सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम ढकोरा में पूजा पाठ कर बीमारी दूर करने के बहाने आभूषणों की ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। जिनके कब्जे से पुलिस ने आभूषण भी बरामद कर लिए हैं।

ब्यावरा के थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह धाकड़ ने बताया कि ढकोरा में एक घर से ठगी कर सोने चांदी के आभूषण ले जाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने चांदी के आभूषण जब्त किए हैं।उन्होंने बताया फरियादी चंद्रशेखर पिता हरिनारायण मीणा की रिपोर्ट पर कि तीन अज्ञात लोग बाइक से घर के सामने आए, जो अपने आप को चरणतीर्थ आश्रम विदिशा का बता रहे थे और किसी भी प्रकार की बीमारी या कष्ट से छुटकारा दिलाने संबंधी बातों में घर की महिलाओं को बहलाकर उनके सोने चांदी के आभूषण उतरवा लिए और रफूचक्कर हो गए।

इस पर पुलिस ने धारा 420, 34 में प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि थाना सिरोंज जिला विदिशा के अपराध क्रमांक 185/23 धारा 420, 406 में गिरफ्तारशुदा आरोपी पुरुषोत्तम पिता तुलाराम जोशी निवासी ललितपुर उत्तरप्रदेश से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी का पुलिस डिमांड लिया जाकर मेमोरेंडम लिया गया, जिसने अपने मेमोरेंडम में अपने सगे बहनोई एवं दो सगे भाइयों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

आरोपी के अनुसार पुलिस की एक टीम गठित कर ललितपुर उत्तरप्रदेश भेजी गई, जहां से उसके साथी भाई सुनील जोशी को गिरफ्तार किया गया और कजन भाई रामसहाय जोशी बसई जिला दतिया से गिरफ्तार किया गया।

## चरीत्र शंका पर पति ने पत्नी का हाथा काटा

मोबाइल पर बात को लेकर पति पत्नी सामंजस नही था।

अशोक नगर में एक शख्स अपनी पत्नी का हाथ काटकर ले गया। उसने महिला के पैर पर भी कुल्हाड़ी से वार किया, लेकिन चीख सुनकर बच्चे जाग गए तो वो भाग निकला। मामला बुधवार-गुरुवार की देर रात करीब 2 बजे का है। आरोपी को मोबाइल फोन पर किसी और से बात करने का शक था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक बरखेड़ी गांव की मिथिलेश बाई (35) की शादी करीब 16 साल पहले कमल अहिरवार (36) से हुई थी। कमल एक पैर से दिव्यांग है। उनके 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी की

उम्र 11 साल , जबकि सबसे छोटा बेटा 5 साल का है। सभी अशोकनगर की जगदंबा कॉलोनी में रहते हैं। मिथिलेश ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद सबकुछ ठीक चल रहा था। पति कमल पिछले कुछ दिनों से उस पर शक करने लगा।पुलिस ने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया

मिथिलेश ने बताया कि बुधवार को सभी खाना खाकर सो गए। रात करीब 2 बजे पति ने कुल्हाड़ी उठाई औरउसके हाथ पर वार कर दिया। कमल ने तुरंत दूसरा वार मिथिलेश के पैर पर किया, जिससे उसकी चीख निकल गई। चीख सुनकर बच्चे नींद से जाग गए तो कमल कटा हुआ हाथ लेकर भाग गया। मिथिलेश ने बताया कि बच्चे उसे कुछ दूर तक चलाकर ले गए। फिर पुलिस आ गई। पुलिस ने उसे अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया।

एक हाथ से दिव्यांग है महिला- महिला ने बताया की जब वह 11 साल की थी तब गिर गई थी। इससे उसका बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया था। उस समय परिजन ने देसी उपचार करवाया। हाथ के चारों ओर लकड़ियां बांध दी थीं। ये हाथ सही होने की बजाय टेड़ा हो गया। तब से वह एक हाथ से सारा काम करती थी। महिला ने बताया कि वह कुछ घरों में साफ-सफाई का काम करके अपने 4 बच्चों का पेट पालती थी। कोरोनाकाल से पहले सभी गांव में रहते थे, जहां अक्सर विवाद होता था। विवाद से बचने के लिए जगदंबा कॉलोनी में प्लॉट खरीदकर घर बनाया है।

## महाकाल मन्दीर मे जुबिन नौटियाल

बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नोटियाल मंगलवार सुबह भगवान महाकाल की अल सुबह होने वाले भस्म आरती में शामिल होने के लिए पहुंचे। जुबिन ने नंदी हॉल से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और भगवान शिव का भजन भी सुनाया।

विक्रमोत्सव के तहत मंगलवार शाम को शिप्रा नदी पर होने वाले कार्यक्रम के लिए जुबिन नौटियाल उज्जैन पहुंचे, शाम को एक स्टेज शो से पहले वे अल सुबह चार बजे होने वाले भस्म आरती में भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंच गए।जुबिन भस्म आरती में भक्ति में लीन नजर आए इस दौरान वे आरती में भी शिव धुन गाते रहे है। भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने के बाद जुबीन का पंडित आशीष पुजारी ने स्वागत किया इस दौरान जुबिन ने महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं की तारीफ की और उन्होंने कहा कि अपने परिवार उत्तराखंड



और देश के लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना की है। भगवान महाकाल को देखकर सब कुछ भूल गया। इसके बाद उन्होंने एक शिव भजन भी सुनाया।

## फैक्ट्री संचालक ने किया सुसाइड लव मेरिज के बाद था तनावा में



इंदौर के बाणगंगा इलाके में रहने वाले एक फैक्ट्री संचालक ने सुसाइड कर लिया। सुबह वह अपने घर में मृत मिले। उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने शरीर में जहर बताया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिये मॉर्चुरी भेज दिया।

बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक धूमिल (27) पुत्र अशोक वर्मा निवासी भागीरथ पुरा को उनके रिश्तेदार गुरुवार सुबह एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। प्राथमिक जानकारी में सामने आया कि धूमिल ने जहर खा लिया। जिससे उनकी मौत हो गई। धूमिल की पोलोग्राउंड में ट्यूब की फैक्ट्री है। वह अपने माता-पिता के इकलौते बेटे हैं। उनकी दो बहने हैं। वहीं पिता इंजीनियरिंग से जुड़ा काम करते हैं।

पत्नी से चल रहा था तनाव - परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक धूमिल का व्यापार काफी अच्छा चल रहा था। तीन माह पहले पत्नी से झगड़ा हुआ तो वह मायके धामनोद चली गई। इसके बाद वह तनाव में चल रहा था। ठीक से काम भी नहीं कर पा रहा था। बुधवार को भी पत्नी से बात हुई थी। धूमिल ने 2021 में लव मैरिज किया था। सामाजिक प्रोग्राम के दौरान उसने लड़की पंसद की थी। धूमिल की कोई संतान नही है।

## पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बागरें बोल को कांग्रेस ने धोखा दिया, नौकरी पर लौटना चाहती हूं; भाजपा से ऑफर आया तो विचार करूंगी




विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए डिप्टी कलेक्टर की नौकरी से इस्तीफा देने वाली निशा बांगरे अब एक बार फिर नौकरी जॉइन करना चाहती हैं। उन्होंने मुख्य सचिव वीरा राणा को पत्र लिखकर इस्तीफा वापस लेने का अनुरोध किया है।

निशा बांगरे ने कहा कि 'कांग्रेस ने मेरी नौकरी छुड़वाई, टिकट भी नहीं दिया। ये मेरे लिए एक धक्का है। मेरे परिवार को लगता है कि मेरे साथ धोखा हुआ है। मुझे भी लगता है कि कहीं न कहीं गलत तो हुआ है। अन्याय हुआ है। अगर समय पर इस्तीफा स्वीकार नहीं करना अन्याय है तो यह भी एक तरह का अन्याय है। उन्होंने मेरा कॅरियर खराब किया ही है।'

18 जनवरी को निशा बांगरे ने मुख्य सचिव वीरा राणा को पत्र लिखकर इस्तीफा वापस लेने का अनुरोध किया है। दरअसल, निशा बांगरे को कांग्रेस ने बैतूल जिले की आमला सीट से विधानसभा चुनाव का टिकट देने का भरोसा दिया था। सरकार से अपना इस्तीफा मंजूर करवाने के लिए निशा बांगरे ने आंदोलन भी किया और कोर्ट की लड़ाई भी लड़ी थी, लेकिन कांग्रेस ने आखिरी मौके पर मनोज मालवे को टिकट दे दिया।

## भोजशाला में सर्वे का २० वाँ दिन अवश्क्ता पडी तो कोर्ट से समय बढाने कि माँग करेगी टीम



धार की भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वैज्ञानिक पद्धति से सर्वे का आज 20वां दिन है। टीम के 16 लोगों ने 29 मजदूरों के साथ लगभग 8 बजे परिसर में प्रवेश किया। दोनों पक्षकारों की मौजूदगी में टीम ने काम भी शुरू कर दिया है।

एक दिन पहले भोजशाला की दीवार से सटा गोमुख टीम को सर्वे के दौरान मिला है। जो पहले से वहां पर मौजूद है। अब इस ओर आगे का काम किया जाएगा। एएसआई की टीम ने प्राथमिक तौर पर सर्वे करते हुए परिसर में कई स्थानों को चिह्नित कर लिया है। अब इस पर काम होगा। वहीं सर्वेक्षण की विधाओं की और ज्यादा जानकारी रखने वाले अधिकारी मशीनों को लेकर धार आएंगे। जिसके बाद दूसरे लेवल पर काम शुरू होने की उम्मीद हैं।हिन्दू पक्षकार आशीष गोयल ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद 20 दिनों से भोजशाला के अंदर और बाहर सर्वे का काम लगातार जारी है।

न्यायालय ने जितने बिंदुओं पर आदेशित किया हैं, उसी अनुसार एएसआई की टीम सर्वे का काम तेजी से कर रही है। आदेश के अनुसार 6 सप्ताह में सर्वे रिपोर्ट पेश करनी हैं, और भोजशाला का क्षेत्रफल काफी बड़ा है ऐसे में अगर आवश्यकता लगती है तो समय बढ़ाने की मांग को लेकर एएसआई न्यायालय में जा सकती है। लेकिन जैसे-जैसे सर्वे चल रहा है उससे हम संतुष्ट हैं और वर्षों की इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। अकल कुइयां में सर्वे को लेकर कहा कि भोजशाला के प्रवेश द्वार के दाहिने और एक गोमुख है, जिससे भोजशाला का पानी जाता है, ये सबने देख ही रखा है।

इधर कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष और मुस्लिम पक्षकार अब्दुल समद खान ने बताया कि अंदर सर्वे का काम अपनी गति से चल रहा है। दरगाह के अंदर जो भी शिलालेख और पत्थर मिल रहे हैं। जिन पर उर्दू अरबी और फारसी में लिखा हुआ है। उनकी जांच के लिए जल्दी ही कुछ मशीनें और साइंटिस्ट यहां पहुंचने वाले हैं। अंदर जो भी चीज निकल रही हैं बेहतर निकल रही हैं, और कोर्ट में भी सब बेहतर ही पेश होगा। साथ ही कहा कि सर्वे के दौरान साफ सफाई, लेबलिंग, स्केचिंग और ड्राफ्टिंग का काम तेजी से चल रहा है जिससे वह किस समय के हैं यह पता लगाया जा सके। यह सारी बातें वह गुप्त रख रहे हैं जो कोर्ट के सामने ही पेश होंगे।

19वें दिन के काम की समरी - 19वें दिन यानि मंगलवार सुबह के 20 से अधिक अधिकारी व 30 से अधिक मजदूर भोजशाला पहुंचे थे। हिंदू पक्षकार गोपाल शर्मा के अनुसार टीम ने भोजशाला में अंदर बाहर 14 से अधिक गड्ढे चिह्नित किए। जिनमें 6 में उत्खनन चल रहा है। साथ ही कल कुछ नए स्थानों पर डीगिंग का काम किया। उन्होंने बताया भोजशाला के बाहर सरस्वती कूप के अंदर व बाहर और भोजशाला के सभी ओर सर्वे का काम किया गया।

# इजाराइल पर ईरान हमले का खतरा , अमेरीका ने इलराइल में सेना भेजी।

इजराइल पर हमले के लिए इरान ने की १०० मिसाईल तैनात की , भारत ने न ईरान इजराईल न जाने की एडवाईजरी जारी की

*12 अप्रेल । ईरान–इजराइल में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने अपनी सेना इजराइल भेजी है। श्टाइम्स ऑफ इजराइलश की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका का एयरक्राफ्ट कैरियर युएसएस ड्वाइट आइजनहावर लाल सागर के रास्ते इजराइल पहुंच रहा है। ये ईरान की तरफ से दागी जाने वाली मिसाइलों और ड्रोन्स को रोकने में सक्षम है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, एक अमेरिकी डिफेंस अधिकारी ने कहा, हम जंग को बढ़ने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही अमेरिकी बलों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए हम मिडिल–ईस्ट में अतिरिक्तसेना भेज रहे हैं। भारत समेत*



*5 देशों– अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस ने अपने नागरिकों के लिएएडवाइजरी जारी की है। इसमें नागरिकों*

*को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पासएयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।हमले के लिए तैयार ईरान – ईरान की राजधानी तहरान में इजराइल से बदला लेने की धमकी वाले पोस्टर लगाए गए हैं। ईरान की राजधानी तहरान में इजराइल से बदला लेने की धमकी वाले पोस्टर लगाए गए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी इंटेलिजेंस से जुड़े लोगों का कहना है कि ईरान में ड्रोन और क्रूज मिसाइलों का मूवमेंट देखा गया है। एक व्यक्ति ने कहा कि ईरान को 100 से ज्यादा क्रूज मिसाइलें तैयार करते हुए देखा गया है।*

*माना जा रहा है कि ईरान अपनी सीमा के अंदर से इजराइल पर हमला करेगा। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ईरान अपनी जमीन से ही हमला करने के लिए मिसाइलें तैनात कर रहा है या इजराइली–अमेरिकी हमले से बचने के लिए तैयारी कर रहा है।*

# ब्रिटेन में पाँच भारतवंशियों को 122 साल की सजा अपराध भारतीय मुल के व्यक्ति की हात्या की

व्यक्ति का नाम अरमान सिंह है। जिसकी अगस्त मे हत्या हो गई थीं ।




*तस्वीर 23 साल के भारतीय अरमान सिंह की है। सजा पाने वाले भारतवंशिनयों ने अगस्त 2023 में अरमान की हत्या कर दी थी ब्रिटेन में शुक्रवार को 5 भारतवंशियों को 122 साल की सजा हुई है।*

*इन्हें 23 साल के अर्शदीप सिंह, जगदीप सिंह, शिवदीप सिंह और मनजोत सिंह को हत्या के लिए 28–28 साल की सजा सुनाई गई। वहीं, सुखमनदीप सिंह को हमले में मदद करने के लिए 10 साल की सजा हुई। पांचों भारतवंशियों ने अगस्त 2023 में एक डिलीवरी ड्राइवर अरमान सिंह की पीट–पीटकर हत्या कर दी थी। पश्चिमी इंग्लैंड के श्रस्बरी शहर में अरमान पर कुल्हाड़ी, हॉकी स्टिक, लोहे की रॉड, फावड़ा, चाकू, क्रिकेट बैट से हमला किया गया था। के मुताबिक, कोर्ट को हमले की वजह नहीं बताई गई। अरमान के वकील ने कहा, हत्या को साबित करने के लिए यह जरूरी नहीं है कि मकसद साबित किया जाए, न ही यह साबित करने की जरूरत है कि ऐसा क्यों हुआ। इस मामले में ये साबित नहीं किया जाना चाहिए की हमला क्यों हुआ। हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई। इसलिए आरोपियों को सजा होनी चाहिए।*

https://sbpatra.in/

# पाकिस्तान बंटवारे की तरफ देश में १९७१ जैसे हालात - पाक पुर्व प्रधानमंत्री इमरान

देश मे १६७१ जैसे हालात हो गए है अदियाल जैल में बंद इमरान का संदेश

*अदियाला जेल में कैद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने मुल्क के लिए एक संदेश भेजा है। खान ने चेताया है कि पाकिस्तान में जिस तरह के हालात बन रहे हैं ऐसे में एक बार फिर 1971 की तरह इसके टुकड़े हो सकते हैं। दरअसल 1971 में बांग्लादेश जंग के बाद पाकिस्तान 2 टुकड़ों में बंट गया था। भारत की मदद से बांग्लादेश के नेता शेख मुजीबुर्रहमान ने पाकिस्तान के खिलाफ जंग लड़ी थी। जंग से पहले बांग्लादेश को ईस्ट यानी पूर्वी पाकिस्तान कहा जाता था*

*1970 में सेना ने धांधली कर सत्ता छीनी खान का मैसेज पढ़ते हुए पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के नेता सलमान अकरम राजा ने कहा कि खान देश के लिए चिंतित हैं। उन्होंने कहा है, जब तक आप लोगों को अधिकार नहीं देंगे तब तक देश की अर्थव्यवस्था नहीं सुधरेगी।*

*1970 में आर्मी चीफ याह्या खान नहीं चाहते थे कि किसी पार्टी को बहुमत मिले। पर जब शेख मुजीबुर्रहमान को बहुमत मिला*



*तो सेना ने चुनाव में धांधली करा दी। याह्या खान खुद प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। मैं हमदूर रहमान कमिशन की रिपोर्ट को याद दिलाना चाहता है, जिसमें कहा गया था कि हम वैसे ही गलती फिर से दोहराएंगे। खान ने कहा कि ऐसे महौल देश की भलाई के लिए वो सेना से बात करने को तैयार हैं।*

# नेपाल में फिर उठी हिंदु राष्ट्र की मांग

*नेपाल में एक बार फिर से हिंदू राष्ट्र क मांग तेज हो गई है। राजधानी काठमांडू की सड़कों पर सैकड़ों प्रदर्शनकारी इसके लिए नारे लगा रहे हैं। वे देश में फिर से राजशाही लागू करने की मांग कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी ।च के मुताबिक, बुधवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। वे प्रधानमंत्री ऑफिस और दूसरी सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बांस–बल्लों, आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। यह प्रदर्शन नेपाल की राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेतृत्व में हो रहा था। इस दौरान लोगों ने नारे लगाते हुए कहा, ष्हम अपने देश और राजा से अपनी जान से ज्यादा प्यार करते हैं। काठमांडू में पुलिस के साथ झड़प के बीच कुछ प्रदर्शनकारी घायल भी हो गए। नेपाल 2007 में बना धर्मनिरपेक्ष देश, 2008 में खत्म हुई राजशाही – पहले प्रजातंत्र पार्टी ने फरवरी में 40 पॉइंट का एक मैमोरैंडम भी P M ऑफिस को भेजा था। इसमें भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग की गई थी। दरअसल, नेपाल में साल 2006 में राजशाही के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया था। कई हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को शासन छोड़कर सभी ताकत संसद को सौंपनी पड़ी।*

### ब्रिटेन में पाँच भारतवंशियों को 122 साल की सजा ..........

*पिछले 5 हफ्तों से इस मामले में सुनवाई जारी थी। इसमें सामने आया कि दो कारों में 8 नकाबपोश लोग अरमान पर हमला करने पहुंचे थे। इनके पास खतरनाक हथियार थे और सभी ने काले रंग का मास्क पहन रखा था।*

*आरोपी भारतीवंशियों के खिलाफ केस लड़ रहे वकील ने कोर्ट से कहा, आरोपियों ने अरमान के सिर पर तीन बार कुल्हाड़ी से वार किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर कई फ्रैक्चर आने की बात है। इसके बाद रॉड, हॉकी से हमला हुआ। बाद में पीठ में चाकू मारा गया। अरमान की मौके पर ही मौत हो गई थीके मुताबिक, कोर्ट को हमले की वजह नहीं बताई गई।*

# भारत के प्रधानमंत्री ने दी मालदीव के राष्ट्रपति को इद की बधाई । मालदीव राष्ट्रपति ने चलाया था इण्डीया गो का नारा




*मालदीव के साथ तनाव के बीच बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति मुइज्जू को ईद–उल–फितर की बधाई दी। अपने मैसेज में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, ईद–उल–फितर का यह खास मौका दुनियाभर के लोगों को करुणा, भाईचारे और एकजुटता की याद दिलाता है। यह एक शांतिपूर्ण और समावेशी दुनिया के लिए जरूरी है।इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने भारत–मालदीव के बीच साझा संस्कृति और सभ्यता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ष्इसके जरिए ही दोनों देश लंबे समय से एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री मोदी के बधाई संदेश की जानकारी दी।*

*प्रधानमंत्री मोदी का यह संदेश ऐसे समय पर आया है, जब पिछले कुछ महीनों में मालदीव के साथ रिश्ते चुनौतीपूर्ण रहे हैं। पड़ोसी देश में मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद से इंडिया आउट की पॉलिसी अपनाई है। इसके तहत वहां मौजूद 88 भारतीय सैनिकों को हटाने का फैसला किया गया था। सैनिकों का पहला बैच पिछले महीने लौट चुका है। वहीं सभी सैनिकों के मालदीव से जाने के लिए 10 मई की तारीख तय की गई है।*

# मालिदीव की मंत्री ने किया अशोक चक्र का अपमान फिर माँगी माफी

*मालदीव की बर्खास्त मंत्री मरियम शिउना ने एक बार फिर भारत का अपमान किया और फिर माफी भी मांगी है। उन्होंने विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी को निशाना बनाने के लिए अशोक चक्र का इस्तेमाल किया। इससे जुड़ा एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया। विवाद होने के बाद मरियम ने इसे हटा दिया और माफी मांगी।*

*दरअसल, शिउना ने पर निशाना साधने के लिए एक्स पर एक फोटो शेयर की थी। इसमें के कैंपेन पोस्टर पर तिरंगे का अशोक चक्र और भारत की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल का फूल लगाया गया था। पोस्ट में मरियम ने लिखा, रास्ता भटक रही है। मालदीव के लोग उनके साथ गलत रास्ते पर नहीं जाना चाहते। इसके पहले मरियम शिउना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में पीएम मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसी विवाद के बाद उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त किया गया था।मरियम शिउना ने यह फोटो पेस्ट की थी।*



*मरियम ने कहा– मरियम ने इस मामले पर माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं मेरी पोस्ट की वजह से हुए भ्रम को लेकर माफी मांगती हूं। मुझे पता चला कि के पोस्टर में इस्तेमाल हुई तस्वीर भारतीय ध्वज से मिलती–जुलती है। गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। मुझे खेद है। मैंने कुछ भी जानबूझकर नहीं किया।*

# इमरान के अगले महीने जेल से छुटने के आसार पाक आर्मी चीफ के खिलाफ रहना होगा मौन ।

तोशाखाना मामले में इमरान को ३४ साल की सज हुई थी अब फौज के साथ डील हुई ।

*पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अगले महीने तक जेल से रिहा हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए– इंसाफ और आर्मी के बीच इस बारे में डील हो चुकी है। इमरान की तरफ से खैबर पख्तूनख्वा के ब्ड अली अमीन ने शनिवार को पेशावर में आर्मी के कोर कमांडर के साथ इफ्तार की दावत में डील को फाइनल किया। अमीन इससे पहले अदियाला जेल में इमरान से मिले थे। बताया जा रहा है कि डील के तहत पहले इमरान को जेल से हाउस अरेस्ट में रखा जाएगा। इफ्तार पार्टी में शामिल के एक वरिष्ठ नेता ने दैनिक भास्कर को बताया कि आर्मी चीफ आसिम मुनीर की ओर से कोर कमांडर को चर्चा के लिए अपॉइंट किया गया था। डील की सबसे अहम शर्त यह रखी गई है कि इमरान एक संस्था के रूप में सेना के खिलाफ बयानबाजी बंद करेंगे। इमरान काकुछ अफसरों के खिलाफ बयान देने की छूट रहेगी, लेकिन वे आर्मी चीफ को सीधे टारगेट नहीं करेंगे। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बेगम को तोशाखाना केस में 14 साल के जेल केस में जमानत मिलेगी। फिर 10 साल की जेल वाले सीक्रेट दस्तावेज चोरी के मामले में जमानत दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, इमरान के खिलाफ जमीन हड़पने का अल कादिर मामला चलता रहेगा। अगर इमरान खान ने डील तोड़ी तो उन्हें अल कादिर केस में फिर से जेल भेज दिया जाएगा।तस्वीर अगस्त 2023 की है, जब इमरान खान को तोशाखाना मामले में गिरफ्तार किया गया था।जिस तेजी से केस दर्ज होते हैं, वैसे ही 'ये खत्म हो जाते हैं'राजनीतिक विश्लेषक मजहर कहते हैं कि पाकिस्तान की सियासत में नेताओं पर जिस तेजी से केस दर्ज होते हैं वैसे ही ये केस खत्म भी हो जाते हैं। नवाज शरीफ के मामले में यह साबित हो चुका है, इमरान के मामलों में भी ऐसा ही हो सकता है। इमरान खान पिछले 8 महीनों से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। उन्हें सबसे पहले तोशाखाना मामले में 3 साल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद इस साल फरवरी में पाकिस्तान में हुए चुनाव से कुछ दिन पहले ही खान को 3 मामलों में कुल 31 साल की सजा सुनाई गई। इनमें तोशाखाना से जुड़ा एक और मामला, सीक्रेट लेटर चोरी केस और बुशरा के साथ गैरकानूनी निकाह का केस शामिल है।*

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट ॅजजचेरूध्ेइचंजतंण्पदध्ृ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्या समाग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । – सम्पादक मधुसूदन शर्मा